हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 मई 2025

06 अद्भभूत ज्ञान, आत्मशक्ति, अध्यात्म और एकात्म ...



07 कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित 3 पर मारपीट और गाली-गलौज ...





## समाचार संक्षेप

### जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग ने संभाला मोर्चा

**गुना ।** कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर पहले से ही तैयारी की जा रही थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और शिक्षा विभाग की टीमें केंद्रों पर पहुंच चुकी थीं। हर केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और केंद्र प्रभारी निगरानी करते रहे। परीक्षा के दौरान एसडीएम स्तर के अधिकारी भी निरीक्षण करते रहे। साथ ही शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक और नोडल अधिकारी कक्षों में जाकर निगरानी करते रहे। हर केंद्र में केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष ने नियमित रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा की।1,712 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा गुना जिले के चार केंद्रों पर कुल 1,712 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 456, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 में 456, केंद्रीय विद्यालय में 344 और नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में 456 अभ्यर्थी पंजीकृत।

### पाकिस्तान से डाक और पार्सल सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद

**गुना।** पहलगाम अटैक के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। यह निर्णय दोनों देशों के बीच हवाई और जमीनी मार्गों से होने वाले सभी मेल और पार्सल के आदान-प्रदान पर लागू होगा। गुना के सांसद व केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस संबंध में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर इस जानकारी की पुष्टि की है। अब भारत पाक के बीच पत्राचार, व्यापारिक डाक और व्यक्तिगत पार्सलों का आदान-प्रदान पूरी तरह से रुक जाएगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर इस निर्णय की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से हवाई और जमीन मार्गों के माध्यम से आने वाली सभी श्रेणियों की इनबाउंड डाक और पार्सलों के आदान-प्रदान को निलंबित करने का निर्णय लिया है। डाक विभाग ने सभी संबंधित एजेंसियों और नागरिकों को सूचित कर दिया गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### चलती ट्रेन से लैपटॉप चोरी, जीआरपी गुना ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**गुना।** चलती ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री का लेनोवो कंपनी का लैपटॉप चोरी हो गया। घटना इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर के दौरान घटित हुई। फरियादी की रिपोर्ट पर जीआरपी गुना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमल किशोर जाटव निवासी साडा कॉलोनी, पंजाब नेशनल बैंक के पास राघौगढ़ वर्तमान में गैल कंपनी विजयपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे शनिवार को निजामुद्दीन से रुठियाई स्टेशन तक ट्रेन चंडीगढ़-इंदौर के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान उन्होंने अपना लेनोवो कंपनी का लैपटॉप बैग सहित कोच की ऊपर वाली सीट पर रख दिया था। कमल किशोर के अनुसार, रुठियाई स्टेशन पहुंचने से कुछ समय पहले जब उन्होंने बैग को देखने के लिए नजर दौड़ाई, तो वह सीट पर मौजूद नहीं था। आस-पास तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिला। बैग में उनका लेनोवो कंपनी का लैपटॉप था, इसके अतिरिक्त उनके आधार कार्ड की जानकारी भी मौजूद थी। जीआरपी पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### नवीन कार्यकारिणी कार्यकारिणी घोषित की

**गुना।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीयन 5680/80-81 संस्थापित सन 1887 गुना जिले की बैठक में मुख्य अतिथि अवधेश श्रीवास्तव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एवं अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने पिछले कार्यों की प्रशंसा की एवं नवीन कार्यकारिणी कार्यकारिणी घोषित की गई । जिसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नवीन सक्सेना को एवं महिला जिला अध्यक्ष नेहा श्रीवास्तव एवं युवा इकाई के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव को घोषित किया गया । सभी नए पदाधिकारी ने अपनी स्वीकृति प्रदान की और समाज के प्रति ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली महिला पूर्व अध्यक्ष संध्या श्रीवास्तव, संरक्षक वंदना श्रीवास्तव , सीमा श्रीवास्तव, कमलकांत श्रीवास्तव, डीपी सक्सेना , आशुतोष श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव एवं कई सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, कायस्थ समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में कायस्थ समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम चित्रगुप्त प्रकटोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत 3 मई को भजन संध्या और विशेष आरती के साथ हुई थी। प्रकटोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सुबह भगवान चित्रगुप्त एवं उनकी पत्नियों की मूर्तियों का जलाभिषेक और विशेष पूजन किया गया।


इसके उपरांत दोपहर में महिला मंडल द्वारा मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुईं।चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान बच्चों आकर्षक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इसके मंदिर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनु शोभा यात्रा शुरू हुई। जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर समापन हुई। जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत भी हुआ। कई दिनों से कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही थीं। जहां भगवान चित्रगुप्त की महाआर पश्चात प्रसादी होगी। इस दौरान आयोजन समिति सदस्यों सहित अधिकांश कायस्थ परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

#### सनातन सर्व ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत

सनातन सर्व ब्राह्मण समाज गुना के द्वारा इस वर्ष भीआज बापू पार्क पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव पर निकलने वाली शोभा यात्रा का ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया । भगवान के छाया चित्र पर माल्या अर्पण कर मंगल आरती की गई।इस अवसर पर विप्र बंधु उपस्थित रहे । इनमें प्रमुख रूप से। नर्मदा शंकर भार्गव ,रजनीश शर्मा पिंकू आनंद भार्गव घनश्याम शर्मा , नरेंद्र भार्गव सुनील शर्मा, आकाश भार्गव प्रदीप भार्गग ,दीपक शर्मा ,मनीष भार्गव महाराज अमित शर्मा टेकरी मोहनीश भार्गव , दीपक शर्मा अभिषेक शर्मा आदित्य तिवारी ,संदेश तिवारी राजेश अमरोद,रामकुमार चौबे प्रमोद भार्गव ,मुकेश भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### डॉक्टरों के परिवार ने पेश की मिशाल.. स्वीकार कर लिए फलदार पौधे

# फलदान में लिए सिर्फ एक सौ रुपए, वधू पक्ष को वापस लौटा दीं लाखों रुपए की गड्डियां



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिस समाज में फलदान में ज्यादा से ज्यादा मोटी रकम और बड़ी से बड़ी फोर व्हीलर लेकर अपनी संपन्नता का ठप्पा लगवाया जाता हो वहां ऐसे भी उदाहरण देखने को मिलते हैं जो इन ऊपरी आडंबरों को नीचा दिखाते हुए आदर्श प्रस्तुत कर देते हैं। शहर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लखन धाकड़ व डॉ प्रकाश धाकड़ के परिवार में हुए मांगलिक आयोजन में ऐसी ही मिसाल पेश की गई जहां सिर्फ100 रुपए लेकर फलदान की रस्म अदायगी हो गई। गुना मे रतनपुरा निवासी रामगोपाल धाकड़ ने अपने सुपौत्र और डॉ लखन धाकड़ व डॉ प्रकाश धाकड़ के भतीजेगुरुचरण की शादी के उपलब्ध में टीका फलदान के समय दिए गए लाखों रुपयों को त्यागकर एक सौ एक रुपया स्वीकार कर दहेज़ मुक्त शादी का सन्देश दिया है । इस दौरान उन्होंने टीका फलदान के दौरान प्रतीक स्वरुप एक सौ एक रुपया और दो फलदार वृक्ष स्वीकार किए।धाकड़ परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया ।वधु के पिता हरपाल सिंह निवासी सिलावन जिला अशोकनगर को भी दो फलदार वृक्ष एक दूसरे को भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया।कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में उपस्थित धाकड़ समाज के लोगों ने दहेज़ मुक्त विवाह की खुले मुक्त से प्रशंसा की और दहेज़ प्रथा को बंद करने का समाज को सन्देश दिया । उल्लेखनीय है कि गुरुचरण के चाचा डॉ लखन धाकड़ जिला चिकित्सालय गुना मे पदस्थ हैं जो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। वे अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते हैं। अन्य समाजो को भी लेनी चाहिए प्रेरणा*कार्यक्रम के दौरान परिजनों व समाज के लोगों ने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि दहेज़ एक अभिशाप है इससे धीरे धीरे समाप्त करने के लिए धाकड़ समाज व अन्य समाज के ऐसे लोग जो साधन सम्पन्न हैं उन्हें भी इस तरह के निर्णय लेकर दहेज़ रूपी अभिशाप से मुक्ति दिलाकर समाज मे अपना योगदान देना चाहिए।

#### वर पक्ष से यह रहे मौजूद

रतन पुरा निवासी माखन सिंह धाकड़, प्रहलाद धाकड़, डॉ ललिता, इंजी. ज्योति, इंजी. यशवंत, कृष्णकांत सहित परिजन उपस्थित रहे।

#### वधु पक्ष से यह रहे मौजूद

सिलावन निवासी कोमल सिंह धाकड़, प्रकाश सिंह धाकड़, आकाश धाकड़, हरी सिंह धाकड़, राजेंद्र धाकड़,ज्योतिष धाकड़, मोहित धाकड़, रणवीर धाकड़, सतेंद्र धाकड़ अमन धाकड़ पियूष धाकड़ सहित परिजन उपस्थित रहे।

## पेंशनरों ने चलाया पेंशनर पार्क में साफ-सफाई के लिए अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

साफ सफाई अभियान 2025 पेंशनर स्वप्रेरणा से पेंशनर पार्क के लिए समर्पित भाव एवं समय देकर सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

प्रशासनिक एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से फुब्बारा का प्रारंभ भी किया जा रहा है एवं यज्ञशाला के लिए भी अध्यक्ष द्वारा घोषित किया गया है । एक अच्छा यज्ञशाला बनाने का प्रयास किया जाएगा । पेंशनरों के द्वारा दो प्याऊ संचालित हो रही है एवं मां सरस्वती की मूर्ति भी स्थापित की गई है लाइटिंग आदि की व्यवस्था भी की जा रही है । पेंशनर पार्क पेंशनरों के लिए गौरव है जिसे मान सम्मान में भी प्रगति हो रही है। हिंदी साहित्य के राष्ट्रकवि एवं अन्य कवियों की लेखकों की पेंशनर पार्क में बैनर लगाए गए और जो भी पेंशनर्स साथी सहयोग राशि प्रदान करते हैं । उनके भी बैनर के द्वारा नाम डिस्प्ले किए जाते हैं हनुमान वाटिका को भी सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## एडीएम ने चिन्हित किए शहर में हादसों के 18 खतरनाक मोड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में लगातार हो रही सडक़ दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन हरकत में आ गया है। एडीएम अखिलेश जैन ने खुद शहर के प्रमुख मार्गों का दौरा कर उन स्थानों को चिन्हित किया जहां बार-बार हादसे हो रहे हैं या होने की संभावना बनी रहती है। इस दौरान कुल 18 ऐसे मोड़ और चौराहे चिह्नित किए गए, जिन्हें अब अति संवेदनशील श्रेणी में रखा जाएगा। इन बिंदुओं पर प्रशासन द्वारा शीघ्र ही आवश्यक ट्रैफिक संकेतक लगाए जाएंगे, जिनमें अंधा मोड़, स्पीड ब्रेकर, सावधान! आगे मोड़ है जैसे बोर्ड प्रमुख होंगे। यह कदम विशेष रूप से उन जगहों के लिए उठाया गया है जहां या तो विज़िबिलिटी कम है या फिर ट्रैफिक अत्यधिक होता है।चौराहों और तिराहों पर विशेष निगरानी की जरूरतशहर के कई चौराहों और तिराहों पर अनियंत्रित वाहन चालकों के कारण लगातार दुर्घटनाएं होती रही हैं। कई जगहों पर सडक़ किनारे अतिक्रमण या घुमावदार मोड़ भी हादसों की वजह बनते हैं। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए एडीएम ने दोपहर में टीम के साथ मौका मुआयना किया और सुधार के लिए जरूरी निर्देश दिए। दौरे के बाद एडीएम ने कहा कि शहर के जिन स्थानों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। संकेतक लगाने के साथ ही भविष्य में आवश्यकतानुसार ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और सख्त चालानी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।




## ओवरब्रिज के गड्ढों पर जागरूक ग्रुप का अनोखा विरोध, चूने से किए चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के महावीरपुरा ओवरब्रिज की खस्ताहाल स्थिति को लेकर जागरूक ग्रुप ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडऩे वाले इस महत्वपूर्ण ओवरब्रिज की सडक़ों पर फैले गहरे गड्ढों को चूने से चिन्हित कर लोगों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया गया। सुबह 11:30 बजे जागरूक गुरप के सदस्य हाथों में चूने की थैलियां लेकर ओवरब्रिज पहुंचे और करीब 100 गड्ढों को चिन्हित किया। निरीक्षण के बाद ग्रुप ने सडक़ पर सफेद चूने से वेलकम गुना बड़े अक्षरों में लिखा, जिससे यह विरोध प्रतीकात्मक और व्यंग्यात्मक रूप ले सका।

यह दृश्य देख राहगीरों में जिज्ञासा जागी और अनेक लोग रुककर इस अनोखे प्रयास को सराहते हुए चर्चा में जुड़ते नजर आए।गड्ढों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई गई है। बरसात से पहले यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं की गई, तो यहां गंभीर हादसे हो सकते हैं। प्रदर्शन में शामिल सदस्यों का कहना था कि वे लंबे समय से इस समस्या को उठाते आ रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसीलिए अब उन्हें जन-जागरूकता और दबाव के लिए सडक़ पर उतरना पड़ा है। प्रदर्शन के अंत में कार्यकर्ताओं ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ब्रिज के गड्ढे भरने होंगे, जिम्मेदार होश में आओ, जैसे नारों से उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में ये गड्ढे जनता के सहयोग से स्वयं भरेंगे। इसमें मयंक शर्मा, आनंद शर्मा, सचिन शर्मा, उमेश धाकड़, रोहित भार्गव, जितेंद्र शर्मा, रवि ओझा और सतीश शिवहरे आदि लोग शामिल रहे।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नए वित्तीय दिशा-निर्देशों को बेहतर समझने सीए विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित

# गैर-कारोबारी संस्थाओं की नई लेखा प्रणाली पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नए वित्तीय दिशा-निर्देशों की बेहतर समझ देने और उनके व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मेज़बानी सीपीई स्टडी चैप्टर ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने की। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय सीए सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यशाला का आयोजन शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में हुआ, जहां मुख्य वक्ता के रूप में आईसीएआई के केंद्रीय परिषद सदस्य सीए पंकज शाह उपस्थित रहे। उन्होंने गैर-कॉरपोरेट संस्थाओं के लिए नवीनतम गाइडेंस नोट विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैप्टर संयोजक सीए अतुल अग्रवाल ने की।




#### गाइडेंस नोट में हुए बदलावों पर मिली विस्तार से जानकारी

सीए पंकज शाह ने अपने सत्र में बताया कि नए गाइडेंस नोट 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे और इनका प्रभाव उन सभी ऑडिट पर पड़ेगा जो इस तारीख के बाद किए जाएंगे। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन नए प्रारूपों में पिछली वित्तीय वर्ष की ओपनिंग बैलेंस शीट को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। इससे वित्तीय रिपोर्टिंग में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित होगी। शाह ने बताया कि चूंकि नए प्रारूप तकनीकी रूप से अधिक जटिल हैं, इसलिए सीए पेशेवरों को ज्यादा सावधानी, समय और मेहनत के साथ ऑडिट प्रक्रिया को अंजाम देना होगा। इसी कारण से आईसीएआई ने इस वर्ष प्रोफेशनल फीस में यथोचित वृद्धि की सिफारिश की है, जिससे सीए समुदाय के अतिरिक्त परिश्रम को सम्मान मिल सके।

#### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति की गई दर्ज

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए बृजेश अग्रवाल अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्लस्टर हेड आशिष आचार्य मौजूद रहे। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ओर से एक विशेष प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें बैंकिंग सेक्टर के परिप्रेक्ष्य से रिपोर्टिंग की भूमिका को समझाया गया। प्रतिभागियों ने इस प्रेजेंटेशन को अत्यंत उपयोगी बताया। पूरे आयोजन में वक्ताओं और उपस्थित सीए सदस्यों के बीच गहन चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने इसे एक उपयोगी और समयानुकूल पहल बताया। मंच संचालन की जिम्मेदारी सीए पंकज वैश्य ने कुशलतापूर्वक निभाई, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप-संयोजक सीए दिव्यांश गोयल ने किया। समापन पर सीए पंकज शाह और आईडीएफसी फस्र्ट बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीए दिनेश नेमा सहित बड़ी संख्या में सीए उपस्थित थे। यह कार्यशाला गुना के चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही बल्कि आगामी वित्तीय वर्ष की तैयारी में भी मार्गदर्शक साबित होगी।

## मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं का डिप्टी कलेक्टर के साथ प्रभारी सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा गुना शहर की साफ सफाई व्यवस्था का प्रतिदिन सघनता से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ खत्री द्वारा रविवार प्रातः बूढ़े बालाजी स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुश्री खत्री ने मुक्तिधाम के संपूर्ण परिसर परिसर का अवलोकन कर साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि मुक्तिधाम में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए छाया, पेयजल, लाइट एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार पर चौकीदार एवं सुरक्षा के लिए रात्रि कालीन गश्त के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका के अमले को शहर के विभिन्न मुक्तिधाम की प्रतिदिन सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।



### ग्राम नयापुरा-कजलिया की डांग में चल रहा जुआ

# पुलिस ने आरोपीगणों को मय माल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मधुसूदनगढ़

ग्राम नयापुरा-कजलिया की डांग (जंगल) में काफी समय से कई व्यक्तियों द्वारा संगठित रूप से अगल-अलग स्थानों से व्यक्तियों को बुलाया जाकर पार्वती नदी के पास जंगल में तास के पत्तों से अंदर बाहर का खेल दिखाकर रूपये पैसों से हार जीत का दाव लगाकर टांग (जुआ) चलवाई जा रही थी जिसका पकडा जाना थाना मधुसूदनगढ़ पुलिस के लिये एक चुनोती का सबक बना हुआ था। मधुसूदनगढ पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा, अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एक अभियान के तहत 03.05.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई पार्वती नदी के पास पार की जड में ग्राम नयापुरा कजलिया में हार जीत का दाव लगाकर टांग (जुआ) चलवाई जा रही। मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन थाना प्रभारी मधुसूदनगढ़ उपनिरीक्षक संदीप यादव एवं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेन्द्र परिहार द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पार्वती नदी के पास पार की जड में ग्राम नयापुरा कजलिया में दबिश दी गई करीब 20-25 व्यक्ति मोबाईल की लाईटों की रोशनी में तास की गड्डी से पत्तों को अंदर बाहर बांटकर रूपयों पैसों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ हुये दिखे जिसे हमराह फोर्स व पंचान की मदद से घेरकर पकडा। जिनमें से कुछ व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने में सफल हुये। पकडे गये आरोपीगणो से उनके नाम पता पूछे तो उन्होने अपने नाम क्रमशः मुकेश पुत्र धन्नालाल साहू उम्र 45 साल निवासी कालाबाजार सिरोज, राजा ऊर्फ त्रिभुवन सोनी पुत्र रमेश सोनी उम्र 33 साल निवासी कुरवाई



जिला विदिशा, रईश पुत्र रशीद खांन उम्र 44 साल निवासी अयोध्या वस्ती सिरोज, गुलाब खांन पुत्र बली खांन उम्र 65 साल निवासी ग्राम भोरांसा, कुरवाई, पप्पू पुत्र मूलचंद कोरी उम्र 40 साल निवासी ग्राम वीरपुरा, राजकुमार पुत्र राधेश्याम शर्मा उम्र 45 साल निवासी डेंगरा हाल हासीपुर सिरोज, कदम पुत्र रामवक्श मीना उम्र 35 साल निवासी गोडिया, कल्याणसिंह पुत्र कुमेरसिंह सौंधिया उम्र 36 साल निवासी ग्राम लक्ष्मणपुरा थाना सुठालिया, लखन पुत्र मुंशीलाल शर्मा उम्र 48 साल निवासी ग्राम गरेठा थाना दीपनाखेडा, रामस्वरूप पुत्र बाबूलाल शर्मा उम्र 62 साल निवासी पठार मोहल्ला गंजबासौदा, महेन्द्र पुत्र बादलसिंह यादव उम्र 33 साल निवासी ग्राम पलालकपुर थाना नटेरन, विदिशा, दशरथ सिंह पुत्र भारतसिंह दांगी उम्र 42 साल निवासी ग्राम पीकलोन बाना कुरवाई जिला विदिशा का होना बताया बाद उक्त व्यक्तियों से मौके पर ही टांग (जुआ) चलवाने व फड तक बुलाने के संबंध में पूछताछ की गई तो सभी ने कदम मीना व उसके अन्य साथियों के द्वारा गांव में तास के पत्तो से अंदर बहार दाव लगाकर टांग (जुआ) खिलवाने के लिये बुलाया जाना बताया ।बाद मौके पर ही कदम मीना से समक्ष पंचान विधिवत अंतर्गत धारा 23(2) भारतीय साक्ष्य विधान का मैमोरेण्डम तैयार किया गया जिसमें कदम मीना द्वारा स्वेच्छा पूर्वक बताया कि घनश्याम लोधी निवासी सुठालिया, संतोष सौचिया निवासी नयापुरा, मोहन सौधिया निवासी स्थापुरा, बलवान सौधिषा निवासी लक्ष्मणपुरा, गोविंद राजपूत निवासी भासौदा के संगठित रूप से मिलकर अलग अलग जगहों से लोगों को बुलाकर ग्राम नयापुरा कजलिया की पार की जड़ में तास के पत्तो से अंदर बाहर पैसों से हार जीत का दाव लगाकर टांग (जुआ) चलवाते है, जुऐ के फड तक आने जाने वाले रास्तों पर आधा- एक किलोमीटर की दूरी पर हमारे द्वारा पोइंटो के रूप में ग्राम नयापुरा के मिथुन सौंधिया, विनोद सौंधिया एवं ग्राम लक्ष्मणपुरा के जगदीश सौंधिया, गौतम सौंधिया, विक्रम सौंधिया, रामकुंवर सौंधिया को लगाया जाता है उक्त व्यक्ति हमारे लिये बाहर से आने जाने बाले व्यक्तियों एवं पुलिस के बारे में सूचना देकर जुआ चलवाने में हमारा सहयोग करते है। उक्त आरोपीगणों के कब्जे व फड से कुल नगदी 72600 रूपये, 14 मोबाईल कुल कीमती करीबन 188000 रूपये, 07 मोटर साईकिल एवं एक सफेद रंग की सिफ्ट गाडी कुल कीमती करीबन 1380000 रूपये व एक पीले रंग की त्रिपाल को मौके पर ही समक्ष पंचान विधिवत जमकर पंचनामा जमी तैयार किया गया। बमशुदा माल मशरूका की कुल कीमत करीबन 1641600 रूपये होना पाई गई।

## संक्षेप समाचार

### अद्वभूत ज्ञान, आत्मशक्ति, अध्यात्म और एकात्म के व्यक्तित्व थे, आदि शंकर (शंकराचार्य)



**राघौगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में आदिगुरू शंकराचार्य जी का जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत संगोष्ठी कार्यक्रम शासकीय महा विद्यालय में रखा गया,। कार्यक्रम का प्रारंभ आदि गुरु के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक एवं वरिष्ठ समाज सेवक आनंद भार्गव ने बताया कि शंकराचार्य ने एकात्मवाद दिया, ओर सनातन को पुनः जीवित कर परम वैभव तक पहुंचाया, और वर्तमान समय में सनातन के पुर्नउत्थान के लिए फिर से एकात्म भाव की आवश्यकता है। साथ ही आदि गुरु शंकराचार्य की शिक्षा से आज के युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है जिससे उन्हें ज्ञान और आत्मबल दोनों प्राप्त हो सके।विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ के पूर्व प्राचार्य जवाहर लाल द्विवेदी ने आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला उनके संस्मरण सुनाए।ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह ने शंकराचार्य जी द्वारा रचित कनक स्त्रोत का महत्व बताया और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परामर्श दाता महेश कुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह यादव दीपक श्रीवास्तव चैन सिंह धाकड़ जगदीश वैरागी तथा नवांकुर संस्था से, सुरेश केवट , सोनू वैरागी , ललित कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

### चाचौड़ा क्षेत्र में बंधक बनाए मजदूरों घर वापसी अभियान में बीनागंज चौकी पर लगेगा शिविर

**चाचौड़ा।** कलेक्टर महोदय गुना एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चाचौड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई की चाचौड़ा गई, जिसमें अवैधानिक रूप से रखें या बंधक बनाए गए 16 व्यक्तियों को दबंग लोगों के घर खेत ढाबों ईट भट्टों एवं दुकानों से मुक्त कराया गया था।जिसके परिपेक्ष्य में पुलिस प्रशासन के द्वारा 12 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी एवं अन्य कठोर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर की गई, जिसमें 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एवं उनके शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए जा रहे हैं।जिला प्रशासन गुना के द्वारा इस घर वापसी अभियान के तहत चाचौड़ा के बीनागंज पुलिस चौकी प्रांगण में कल दिनांक 05 मई 2025 सोमवार को एक शिविर लगाया जा रहा है जिसमें प्रशासन की ओर से पत्रकारवार्ता में अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा रवि मालवीय ने अपील कि है ऐसे कमजोर असहाय व्यक्तियों को अपने घरों में, खेतों में, ढाबों में या अन्य व्यावसायिक स्थलों में बलपूर्वक रखे हुए हैं या बलात श्रम कार्य करवा रहे हैं उन्हें कल प्रशासन को सुपुर्द करते हुए बीनागंज पुलिस चौकी के शिविर में पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे ऐसे असहाय लोगों का इलाज संभव हो और उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाया जा सके। अन्यथा आगामी दिवसों में ऐसे आपराधिक प्रवृति के लोगों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा मानव तस्करी एवं अन्य धाराओं में कठोर कार्रवाई की जावेगी। सभी जनप्रतिनिधि, समाज सेवकों, जन सामान्य, सभी अधिकारी कर्मचारियों से विशेष आग्रह है कि इस घर वापसी अभियान में आपके क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित करके उन्हें शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# रोटरी निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 75 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में डॉ नीरज जैन के पूज्य पिताजी डॉ प्रेमचंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में आयोजित किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया की नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉ दीपक सिंह एवं चिकित्सा दल द्वारा 75 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 35 मरीजों को मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सद्गुरु सकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष जितेंद्र खुराना ,सचिव मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, रोटे . प्रदीप लोढ़ा,




शंभूनाथ तिवारी, सुरेश धाकड़, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली, इंजी डी एन नीखरा सहित उनके पुत्र डॉ नीरज जैन, अमिता जैन अनुशी जैन, आरुषि जैन एवं परिजनों द्वारा रोटरी के जनक पाल पी हेरिस ब रनछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर सदगुरु कैंप इंचार्ज डाल सिंह जादौन, नेत्र सहायक नितेश सेन, संतोष नामदेव, मिलन वघेल सहित रोटरी सदस्यों ने शिविर में उपस्थित रहकर नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवाकार्य किया। बता दे कि डॉ प्रेमचंद्र ने अपने जीवन काल में डॉक्टर रहते जिलेवासियों को बेहतर इलाज के माध्यम से अपना ओर जिले का मान बढ़ाया और आज उनके पुत्र भी डॉक्टर के रूप में सेवा दे रहे हे वह एक निजी अस्पताल चलाकर असहायों एवं गरीबों के इलाज के लिए सदैव तत्पर रहते हे। शिविर संयोजक श्री जैन ने बताया की नेत्र शिवर में मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा वितरण के साथ-साथ उनके रुकने एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की गई।

# कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष गोपाल मीना दूसरी बार बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री निरंजन सिंह घुरैया संघ के गुना जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में शहर के राज श्री होटल में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के प्रथम सत्र में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव का बौद्धिक हुआ! मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के गुना जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़ , विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष सोनपाल सिंह यादव, जिला मंत्री सुरेश रघुवंशी भी उद्बोधन हुआ उक्त सत्र की अध्यक्ष संघ के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल मीना ने कि, सभा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संघ के आराध्या देव भगवान श्री विश्वकर्मा व मां भारती के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ हुआ! संगठन गीत की सुन्दर प्रस्तुति अनिल दुबे द्वारा दी गई ! अतिथियों का स्वागत स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा बैच लगाकर अंगवस्त्र द्वारा किया गया। इस दौरान संघ के कार्यकर्ता जिला कोषालय में पदस्थ विशेषण वशिष्ठ, अल्ताफ कुरैशी का संगठन द्वारा करवाएं गए कार्यों में पूर्ण ईमानदारी से सहयोग करने पर उनका सम्मान अतिथियों द्वारा साल श्रीफल भेंट कर किया गया।संचालन पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया प्रथम सत्र के अन्त में संघ के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल मीना ने जिला कार्यकारिणी भग करने की घोषणा कि द्वितीय सत्र में निर्वाचन अधिकारी निरंजन सिंह घुरैया द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्वाचन सम्पन्न करवाएं! सभा में पदाधिकारियों से पेनल मांगें गए! निर्धारित समय से एक मात्र पेनल प्राप्त हुआ ! जिसका उपस्थित पदाधिकारी ने जोरदार तालियों के साथ समर्थन किया! तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी निरंजन सिंह घुरैया ने पेनल अनुसार पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किए। जिसमें चाचौड़ा के जुझारू कर्मचारी नेता कृष्ण गोपाल मीना को जिला अध्यक्ष, भगवत प्रसाद ओझा को कार्यकारी अध्यक्ष, संतोष सिंह परिहार को जिला सचिव, संतोष सक्सैना को कोषाध्यक निर्वाचित घोषित किया। जिला टीम में आठ उपाध्यक्ष, पांच सह सचिव, दो संगठन मंत्री, एक उप कोषाध्यक, एक प्रवक्ता, ओर तीन कार्यकारिणी सदस्यों को सम्मिलित किया गया! उपाध्यक्ष सरिता शर्मा, एकता सक्सेना, राजेंद्र शर्मा, कुलदीप उपाध्याय, रमेश बास्त्री, अशोक रघुवंशी, प्रेम सिंह मीना और प्रशान्त श्रीवास्तव । सह सचिवः विनोद मीना, सत्येंद्र शर्मा, भानु बोहरे, शिवराज भदौरिया, और भास्कर सिंह रघुवंशी! संगठन मंत्रीः प्रद्युमन कुमार सोनी , वीरेंद्र जाटव ! सूरज शर्मा को प्रवक्ता, धर्मेंद्र रघुवंशी को कार्यालय मंत्री और श्रीधर शर्मा, अजय शर्मा एवं अरुण रघुवंशी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बताया जाता हैं कि कृष्ण गोपाल मीना भारतीय मजदूर संघ के निष्ठावान जमीनी कार्यकर्ता हैं! मीना 1995से लगातार अब तक विकास खण्ड से लेकर जिला तक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी रहे हैं।

### अस्पताल के चक्कर काट रहे मरीज

## मुंगावली अस्पताल में दो माह पूर्व शुरू हुई ब्लड ट्रांसफ्यूजन सुविधा ठप

**मुंगावली।** दो महीने पहले बड़ी उम्मीदों के साथ मुंगावली अस्पताल में शुरू की गई ब्लड ट्रांसफ्यूजन और संग्रहण की सुविधा ठप्प हो गई है। इस कारण अब मरीजों के परिजनों को खून के लिए जिला अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लापरवाह व्यवस्था का ताजा उदाहरण शनिवार को सामने आया। मल्हारगढ़ रोड, मुंगावली निवासी मोनू दुबे की पत्नी सुरक्षा दुबे को ब्लड की जरूरत पड़ी। डॉक्टर अमित पांडे ने उन्हें दो यूनिट ब्लड की व्यवस्था करने को कहा, लेकिन जब मोनू अस्पताल पहुंचे तो उन्हें मुंगावली से न देकर जिला अस्पताल अशोकनगर से ब्लड लाने को कह दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि जब दो माह पूर्व ही स्थानीय अस्पताल में ट्रांसफ्यूजन यूनिट शुरू की गई थी, तो फिर परिजनों को दूसरे शहर क्यों दौड़ाया जा रहा है? क्या यह सुविधा सिर्फ कागजों में चालू है? स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लड यूनिट की सुविधा शुरू करने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसकी मॉनिटरिंग नहीं हो रही। इस लापरवाही का खामियाजा अब गंभीर मरीज और उनके परिजन भुगत रहे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी, मरीज बेहाल

स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। इस बारे में सीएमएचओ नीरज छारी को फोन कर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। लोगों को उम्मीद है कि स्वास्थ्य विभाग इस लापरवाही को गंभीरता से लेकर ठोस कदम उठाएगा, ताकि भविष्य में किसी को यूं खून के लिए दर-दर भटकना न पड़े।

# लक्ष्य का हुआ मध्य प्रदेश वूशु खेल में चयन



**मुंगावली।** नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र लक्ष्य सुमन पिता महेंद्र सुमन का चयन राष्ट्रीय वूशु खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है लक्ष्य मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । बता दे कि विगत दिवस आयोजित राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता जबलपुर में आयोजित की गई थी जिसमें लक्ष्य ने जूनियर वर्ग में माइंनस 65 किलोग्राम में शानदार खेल के प्रदर्शन पर गोल्ड मेडल हासिल कर अपना चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए कराया है जो अब हैदराबाद में आयोजित होगी । लगातार खेलों में अग्रणी रहने वाले टीएव्ही स्कूल की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है वहीं लक्ष्य ने विशेष रूप से अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को दिया है। वहीं स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन स्कूल सीईओ पुनीत जैन शिक्षक सागर सुमन अम्बर शाह सहित स्कूल प्रबंधन एवं समस्त छात्र-छात्राओ ने एवं नगर वासियों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नरवाई प्रबंधन ओर मिट्टी परीक्षण के लिए किया जागरूक



**अशोकनगर।** कलेक्टर के निर्देशों के पालन में रविवार को कृषि विभाग के द्वारा कार्यालय कृषि अभियांत्रिकी अशोकनगर में कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में निजी खाद विक्रेताओं एवं किसानों की संयुक्त रूप से संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें संतुलित उर्वरक प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी गई। संगोष्टी में विशेष रूप से डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके ग्रेड के उर्वरकों के उपयोग के बारे में उपस्थित कृषकों को विस्तार से जानकारी दी गई और नरवाई प्रबंधन एवं मिट्टी परीक्षण करने की समझाइश दी गई।

# आदिगुरु शंकराचार्य जी की जयंती पर व्याख्यान माला की गई आयोजित



**अशोकनगर।** रविवार को अशोकनगर जनपद पंचायत सभाकक्ष में गुरू शंकराचार्य जी की जयंती (पखवाड़ा) पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री शंकराचार्य जी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हितेंद्र बुधौलिया समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद सीईओ शैलेंद्र सिंह यादव, आनंद मोहन दुबे, उपेन्द्र पाराशर पुजारी संघ के जिला अध्यक्ष, कौशिकी एवं जिला समन्वयक अनीता जाटव उपस्थित थे। ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवीयों ने कहा कि शंकराचार्य अकेले सनातन धर्म के लिए नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने शंकराचार्य को भगवान शंकर का अवतार बताया। कोशिकी ने कहा कि गुरु के ज्ञान को आत्मसात करूंगी, उन पर विश्वास करूंगी तभी अपने लक्ष्य को प्राप्त करूंगी। जनपद पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद की टीम ग्रामीण क्षेत्र में अभियान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। उन्होंने इस अवसर पर जल शपथ भी कराई। साथ ही प्रमुख योजनाओं नलकूप,जल तालाब आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक अनीता जाटव तथा विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने आदिगुरु आचार्य शंकराचार्य की जयंती तथा जल गंगा संवर्धन के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में विकासखंड की समस्त मेंटर्स, समस्त नवांकुर संस्था प्रमुख, सामाजिक संगठन से नैना शर्मा तथा भारती साहू, समस्त प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष/सचिव, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# भवन स्वामी ने नपा और प्रशासन पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

वार्ड क्रमांक 9 में जिस भवन स्वामी पर वार्ड वासियों ने आम रास्ता रोकने और पानी निकासी बंद करने का आरोप लगाया था अब उसने सामने आकर सच्चाई बताते हुए स्थानीय लोगों के साथ-साथ नगर पालिका और प्रशासन की कार्रवाई को भी संदेह के घेरे में डाल दिया है। इस संबंध में भवन स्वामी न्यू होरीजॉन स्कूल के संचालक ने नगर पालिका पर उसकी गैर मौजूदगी में उसके आधिपत्य वाले प्लॉट जो फ़िलहाल स्कूल के खेल मैदान के रूप में उपयोग होता है से कच्ची नाली खोदकर उसे मानसिक रूप से परेशान करने और हरे भरे पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए इस मामले में न्यायालय जाने के बाद कही है। वार्ड नंबर 9 में कॉलेज के पीछे जिस भवन मालिक पर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने आम रास्ता रोकने जैसे आरोप लगाए गए थे अब उसने अपने दस्तावेज कलेक्टर को देते हुए जानकारी दी है कि उसने उक्त जमीन जिस पर उसने अपना भवन बनाया हुआ है 1999 में विधिवत प्लाट खरीद कर रजिस्ट्री कराई थी। तब उक्त प्लाटों को व्यापक तरीके से कॉलोनाइजर ने कॉलोनी के रूप में काटा था कॉलोनी के अंतिम छोर पर जहां से आगे जाने का रास्ता नहीं था जल संसाधन विभाग के आधिपत्य की ज़मीन थी दो प्लॉट इस तरह से खरीदे थे कि उनके बीच में जो रास्ता नक्शे में दर्शाया गया था वह उक्त प्लाटों की खरीद के बाद खरीदार ही उक्त रास्ते का उपयोग अपनी मर्जी से जैसा चाहेगा करेगा। इससे विक्रेता या कॉलोनी के अन्य क्रेताओं को कोई मतलब नहीं होगा। इस शर्त पर भवन स्वामी ने प्लाट खरीदे और वहां स्कूल संचालित किया और उक्त स्कूल शीघ्र ही जिले के अग्रणीय शैक्षणिक संस्थान में शामिल हो गया। अब उक्त स्कूल के आसपास बड़ी तेजी के साथ अवैध कब्जे होने लगे हैं।

# डेंगा मौचार रोड पर बिजली गिरने से पत्रकार सुरेश राय का मकान क्षतिग्रस्त



**ईसागढ़।** डेंगा मौचार रोड पर बिजली गिरने से पत्रकार सुरेश राय का मकान क्षतिग्रस्त हुआ वार्ड नंबर 8 में रहने वाले सुरेश राय के मकान पर ईसागढ़ में कल शाम तेज आंधी के साथ बारिश होने के साथ बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया दीवार भी गिर गई एवं घर गृहस्थी का सामान का भी भारी नुकसान हुआ है ग़नीमत यह रही कि कोई जनहानि होने से बच गई। जैसे ही बिजली दीवारों से टकराई घर के लोग बाहर निकल कर भागे जिससे वह बच गए। इसकी सूचना एसडीम तहसीलदार एवं पटवारी को दे दी गई है जिससे हितग्राही को आर्थिक मदद शासन द्वारा मिल सके।




# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निशुल्क जल सेवा का किया शुभारंभ

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा गांधी पार्क पर निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र विशेष शाखा क्षेत्र अधिकारी संजय सिंह रावत, विश्व हिंदू पार्षद प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख दीपक मिश्रा, जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, रामकुमार चैधरी, विकास जैन, बाली रामकृष्ण कुशवाहा, आदि प्रमुख उपस्थित थे। दीपक मिश्रा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इससे बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती गर्मी में जल की सेवा बहुत पुनीत सेवा है हमको सौभाग्य मिला संजयसिंह के सोजन्य से उनको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

# बहादुरपुर गैस एजेंसी के पास लगा भूसे का ढेर

### प्रशासन की अनदेखी से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा




**बहादुरपुर।** गांव में स्थित गैस एजेंसी के समीप लंबे समय से पड़ा भूसे का ढेर अब क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का कारण बन गया है। यह ढेर केवल अव्यवस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि संभावित दुर्घटना की चेतावनी भी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस भूसे के ढेर के पास अब तक दो बार आग लग चुकी है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल के इतने नजदीक ज्वलनशील सामग्री का होना सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। फिर भी प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर टाल दिया गया। स्थानीय निवासीयों ने का कहना है कि यह भूसा कई महीनों से यहां जमा है। दो बार आग लग चुकी है। अगर आग गैस एजेंसी तक पहुँच जाती, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तत्काल इस भूसे को हटवाए और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए गैस एजेंसी के आसपास के क्षेत्र की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### 32 वर्षीय युवक पर हमला

**अशोकनगर।** चंदेरी थाने के अंतर्गत थूवोन चैकी के ग्राम हरीपुर गांव का निवासी मदन पुत्र संतराम आदिवासी उम्र 32 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरा पर बैठा था तभी नारायण पुत्र निदन आदिवासी आया और उससे मारपीट करने लगा वह अपने हाथ में एक कड़ा पहने था जिससे उसने सिर पर मारा और घायल हो गया जिससे मुझे चोटें आई हैं घायल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

### गो सेवक ने घायल गाय को श्वानों से बचाई

**अशोकनगर।** अशोकनगर के समीप शंकरपुर टोरिया पर एक गाय को कुछ श्वानों ने घेरकर जख्मी कर दिया और उसकी पूछ खा गये थे। जब इसकी सूचना अटल गौ सेवा समिति को लगी तो वह बताये गये स्थान पर पहुंचे। जो शंकरपुर टोरिया पर विधुत सबस्टेशन के समीप एक गाय को कुछ श्वान जख्मी कर खा रहे थे। उन श्वानों को भगा कर समिति के सदस्यों ने पहले गाय का उपचार किया और रातभर गाय को अपने पास रखा। रविवार की सुबह घायल गाय को अपने वाहन में रखकर उपचार के लिए जिला पशु चिकित्सालय पहुंचे जहां गाय का उपचार किया गया।

### 6 वर्षीय बालक को सर्प ने डंसा

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय नगेश्री चक निवासी 6 वर्षीय बालक अरमान पुत्र सुखदीप सिख को सर्प डंस की शिकायत होने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां बालक का उपचार शिशु उपचार इकाई आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किये गय हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बलराम पुत्र परमाल यादव निवासी ग्राम खानपुर थाना पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम डंगोरा फूट वेयरहाउस के पास अज्ञात फोर व्हीलर वाहन ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। इसी प्रकार जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत मिथलेश बाई निवासी ग्राम सिलपटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सिरनी-सिलपटी के बीच में बुलेरो वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी लड़की को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडी रोड़ अशोकनगर निवासी मधुसूदन राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित राय,उदय राय, अंकित राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमित वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मधुसूदन राय, कृष्णभान राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पछाडी खेडा निवासी अनन्य जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विशाल सक्सेना और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मंदिर रोड़ निवासी सरदार सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण कुशवाह,कल्ला कुशवाह,कोमल अहिरवार ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर निवासी कोमल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेश, रितिक, और ओमकार कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाल कांकड निवासी राजेन्द्र परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेश और रामकुमार परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### एक सड़क के निर्माण को लेकर सामने आया मामला

# कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित 3 पर मारपीट और गाली-गलौज किए जाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला का चंदेरी कस्बा राजनैतिक उठा-पठक के लिए शुरू से ही कांग्रेस और भाजपा के लिए केन्द्र बिन्दु बना है। यहां के वर्तमान विधायक भाजपा के जगन्नाथसिंह रघुवंशी हैं जबकि पूर्व में यहां से दो बार कॉग्रेस विधायक गोपाल सिंह चौहान रह चुके हैं। नगरपालिका से लेकर विधायक तक की लड़ाई कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई नई बात नहीं है। जरा सी बात कब राजनैतिक प्रतिद्वंद्वता में बदल जाए कोई भरोसा नही है इस बार ये मामला एक सड़क के निर्माण को लेकर सामने आया है जहां कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित तीन लोगों पर मारपीट गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है ।

इस पूरे मामले की कहानी यह है कि रविवार को कुवरपुर निवासी कृपाणसिंह लोधी की रिपोर्ट पर से यह मामला दर्ज किया गया है। जिसमें पूर्व विधायक गोपालसिंह चैहान उनका गार्ड राजाभैया परमार और दूसरे गार्ड राजद्वीप परमार पर चंदेरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।इस घटना के बाद चंदेरी विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी भी थाने में पहुंचे। इस घटना में फरियादी कृपानसिंह लोधी द्वारा जो रिपोर्ट दर्ज कराई गई है उसमें कहा गया है कि वह ग्राम कुंवरपुर का रहने वाला है और उसकी उम्र 60 साल है। रविवार की सुबह 8 बजे वह पुरानी बाखर के दरवाजे पर बैठा था तभी वहां पूर्व विधायक गोपालसिंह चैहान उर्फ डग्गीराजा



चंदेरी थाने के बाहर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी।

अपने गार्ड राजाभैया परमार और राजद्वीप परमार को अपनी गाड़ी से लाए और अपनी गाड़ी से उतरकर मुझसे बोले कि मंदिर का रोड कहां बन रहा है मैंने उन्हे बता दिया । फिर वह लोग रोड़ देखकर वापिस आए और कहा कि तुम मुझे मंदिर जाने वाले रास्ते पर क्यों जाने से रोक रहे हो तब मैने कहा कि यह मेरे खाते की जमीन है और मैं अपनी जमीन पर से सड़क नहीं निकलने दूंगा। जिस पर से गोपालसिंह चैहान पूर्व विधायक ने उसे गालियां दी और कहा कि रोड़ रोकने वाला तू कौन होता है बाद में उन्होंने मुझसे मारपीट की राजद्वीप परमार ने अपनी राइफल मेरे सीने पर लगा दी और कहा की तेरे लड़के को जान से खत्म कर दूंगा । राजाभैया ने मुझे लात मारी मौके पर खिलन लोधी और बकील लोधी भी आ गये। जिसके बाद गोपालसिंह चैहान पूर्व विधायक और उसके दोनो सुरक्षा गार्डों पर मामला दर्ज किया गया है। पूर्व विधायक धमकी भरे लहजे में यह भी कहते दिखे जा अपने बाप जगन्नाथ को बोल देना ।

### पूर्व विधायक गोपालसिंह चौहान ने कहा राजनीति करना बंद नहीं करेंगे

इस घटना के बाद चंदेरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है मामला दर्ज होने के बाद चंदेरी के पूर्व विधायक गोपालसिंह चौहान ने कहा कि कुंवरपुर से जाने वाले मार्ग पर एक सिद्ध स्थान है जो मंदिर के लिए जाता है यहां पर शंकरजी का मंदिर और हनुमान जी का भी मंदिर है यहां सडक बनाने के लिए पंचायत का सर्वे हो रहा था यहा विवाद दो लोधीयों के बीच हो रहा था मेरे द्वारा जब बीच-बचाव किया गया था। मेरे द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई दो लोगों के बीच आपसी विवाद है मुझ पर और सुरक्षाकर्मियों पर जो मामला दर्ज किया गया है वह गलत है उसका में विरोध दर्ज कराउंगा। अगर इस तरह से मामले दर्ज किये जाते हैं तो वह पीछे नहीं हटेगें और राजनीति करना थोड़ी बंद कर देगें।



पूर्व विधायक गोपालसिंह चौहान पर मामला दर्ज

### तेज हवा से सामान गिरने पर दो घायल



**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी अंकित पुत्र भांगचन्द्र जाटव को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह अपनी बाईक सुधरवाने के लिए अशोकनगर आया था और मंदसौर मिल के पास अपनी बाईक सुधरवा रहा था वह एक गुंठी के पास खड़ा था। उसी दौरान तेज हवा चलने से गुंठी पर रखा पत्थर उसके सिर पर आ गिरा जिससे उसको चोटे आई हैं। घायल का उपचार जारी है। इसी प्रकार दूसरी घटना में नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम भौरा निवासी 25 वर्षीय युवक रामकृष्ण पुत्र नीलम सिंह जाटव को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया । जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह बाईक से नईसरायं आया था। अपने भतीजे की शादी में बरात में जाने के लिए वह बाईक से गांव वापिस जा रहा था तभी तेज हवा और आंधी चलने से उसकी बाईक फिसल गई और वह सड़क किनारे खेत में लगी तारफेंसी में जाकर टकरा गया जिससे उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।



## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 01 मई 2025 से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ साथ विकासखंड स्तर पर भी किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर अशोकनगर के स्थानीय संजय स्टेडियम, उत्कृष्ट विद्यालय पठार, मुस्कान पब्लिक स्कूल और इंडोर स्टेडियम अशोक नगर में प्रातः काल 6:00 बजे से 8:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कराते, हॉकी ,हैंडबॉल ,क्रिकेट,बास्केटबॉल बैडमिंटन ,टेबल टेनिस एवं एथलेटिक्स खेलों में अनुभवी खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आवेदक को निर्धारित आवेदन कार्यालय से प्राप्त कर फोटो और आधार कार्ड की कॉपी के साथ कार्यालय में जमा करा सकते हैं। हर्षा झरिया खेल प्रशिक्षक, ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा खेल प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन कराया जाता है। इनमें स्कूली बच्चे खेलों की बारीकियां सीखकर खुद को फिट रखने के साथ साथ समय का सदुपयोग करते है। खेल प्रशिक्षण शिविर से संबंधित जानकारी हेतु संजय स्टेडियम स्थित कार्यालय में प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं शेष समय इनडोर स्टेडियम के ऑफिस में संपर्क किया जा सकता है।

### आंधी चलने पर फॉल्ट आ जाता

## बहादुरपुर में 132 केवी सब स्टेशन बनाने की मांग



**बहादुरपुर।** कस्बे में नागरिकों ने बिजली कंपनी के 132 केवी सब स्टेशन बनाने की मांग उठाई है। क्योंकि कस्बे से 42 किलोमीटर दूर अशोकनगर और 18 किलोमीटर दूर मुंगावली में 132 केव्ही सब स्टेशन है, जबकि इन दोनों के बीच में 33 केव्ही के 7 सब स्टेशन स्थापित हो चुके हैं। वहीं अशोकनगर से मुंगावली के लिए जो 33 केव्ही लाईन है, वह वर्ष 1975 में डाली गई थी। 50 वर्ष पुरानी होने से यह लाईन जर्जर हो चुकी है। इस लाईन में जरा सी आंधी चलने पर फॉल्ट आ जाता है। सबसे अधिक समस्त मानसून के 4 महीनों में होती है। बीते दो दिनों से चल रही आंधी के कारण अब तक कई बार 33 केव्ही लाईन फॉल्ट हो चुकी है। इस लाईन पर 33 केव्ही के 7 सब स्टेशन होने से लोड भी बढता है। 33 केव्ही लाईन पर अशोकनगर से मुंगावली के बीच में अथाईखेडा, रुसल्ला, बंगला चैराहा,बमुरिया, बहादुरपुर, बाबरौद ,एवं कुकावली में 33 केव्ही के सब स्टेशन हैं। जबकि जब लाईन डाली गई थी तब कभी सब स्टेशन नहीं था। सबसे पहले बहादुरपुर, फिर बंगला चैराहा और इसके बाद बीते दो-तीन वर्षो में 5 अन्य सब स्टेशन अस्तित्व में आए हैं।

### इनका कहना है

बहादुरपुर, बंगला चैराहा पर 132 केव्ही सब स्टेशन स्थापित होना चाहिए। वितरण केन्द्र द्वारा ट्रांसमिशन कंपनी को प्रस्ताव भी भेजा है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि प्रयास करें तो प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति मिल सकती है।

**पीसी जैन,** सहायक प्रबंधक, बिजली कंपनी, मुंगावली

## राज्यस्तरीय वुशू में अशोकनगर 44 स्वर्ण सहित 58 मैडल जीतकर प्रदेश में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश वुशू संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय स्पर्धा का आयोजन 2,3 मई को जबलपुर स्थित खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम में किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के 24 जिलों से 400 से अधिक खिलाड़ियों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अशोकनगर जिले की वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में कुल 44 स्वर्ण पदक, 10 रजत, पदक, 4कांस्य पदक सहित 58पदक पजीत कर पुरे प्रदेश में प्रथम स्थान पाया है वहीं 24 स्वर्ण पदकों के साथ मेजबान जबलपुर दूसरे, एवं 11 गोल्ड सहित सीधी तीसरे स्थान पर रहा ।

ताऊलू टीम में गोरांग अग्रवाल ने दो स्वर्ण एक रजत, शिवन्या चैरसिया ने दो स्वर्ण एक कांस्य, गोरांश चैरसिया ने दो स्वर्ण एक रजत, सार्थक चैहान ने एक स्वर्ण दो रजत,अंशिका त्रिवेदी दो स्वर्ण, सोनम केवल दो स्वर्ण, जिया धौलपुरिया दो स्वर्ण,शिवार्थ धुरेंटे 2स्वर्ण एक कांस्य,राधा ओझा ने दो स्वर्ण, कुशाग्र अग्रवाल ने दो स्वर्ण हितांशी कोरी ने दो स्वर्ण, लवली अहिरवार ने दो स्वर्ण एक रजत, अनुराग बरहा दो स्वर्ण,उदयवीर केवट एक स्वर्ण एक रजत,नवीत जकेले दो स्वर्ण एक रजत,जोविका जकेले एक स्वर्ण दो रजत, प्रतिष्ठा सेन एक स्वर्ण दो रजत,रविंद्र परिहार ने एक स्वर्ण एक रजत, आरती विश्वकर्मा ने एक स्वर्ण एक रजत का चयन किया गया है अपने अलग अलग इवेंटों में शानदार प्रदर्शन कर वुशू की ताउलू स्पर्धा में जूनियर एवं सब जूनियर में प्रथम स्थान पाया। एवं वहीं शांशु टीम में राशि बालू ने




56 कि. ग्र. स्वर्ण भावेश सेन ने 42कि. ग्र. में स्वर्ण, दिशार्थ धुरेंटे ने-30किग्र. में स्वर्ण,बर्खा शर्मा ने-60कि.ग्र. में रजत पदक,मिष्टी नामदेव-39कि.ग्र. में स्वर्ण,सिमोन बालू-75कि.ग्र. में स्वर्ण,युक्ति यादव-70कि.ग्र. में स्वर्ण, समीर पाठक -75कि.ग्र. में स्वर्ण, बृजेन्द्र अहिरवार ने-80कि. ग्र. में कांस्य, धुरव लोधी ने-26कि.ग्र स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है।

यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों ने विश्वामित्र अवार्डी एन.आई.एस वुशू-कोच ब्रजेश धुरेंटे एवं सहयोगी कोच मुस्ताक खान,पूजा नामदेव, आरती विश्वकर्मा, रविंद्र परिहार के निर्देशन में किया है खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर जिलाधीश आदित्य सिंह,जिला वुशू संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू,पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, वुशू के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, खेल विभाग के खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी,वुशू कोच राजकुमार खरे,राजदीप सिंह, पूजा नामदेव, पवन पाल, डॉ. डी के जैन सहित नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, विधायक हरीबाबू राय व समस्त सीनियर खिलाड़ियों, माता पिताओं सहित खेल प्रेमिओं ने शानदार प्रदर्शन कि बधाइयाँ दीं हैं।



### नीट 2025 परीक्षा दो केंद्रों पर आयोजित हुई

**अशोकनगर।** रविवार को नीट (यूजी) 2025 को जिला अशोकनगर के दो परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय पी.एम. श्री कालेज ऑफ एक्सिलेंस बायपास रोड अशोकनगर एवं शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पठार अशोकनगर मे आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 821 परीक्षार्थियो में से 809 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### 2500 छात्र-छात्राएं दाखिला ले सकेगें

# अगले सत्र से सीएम राइज स्कूल जिले के सबसे बड़े स्कूलों में एक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर का सीएम राइज स्कूल जहां वर्तमान में 912 छात्र-छात्राएं दाखिला ले पाते हैं अब अगले सत्र से 1600 और अतिरिक्त रूप से छात्र-छात्राएं अध्ययन प्राप्त कर सकेगें। इस तरह 2500 छात्र-छात्राओं वाला यह स्कूल जिले के सबसे बड़े स्कूलों में से एक होगा। लेकिन इस स्कूल की विडंबना यह है कि यहां स्थाई शिक्षक नहीं है अतिथि शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है। यहां शिक्षकों को पर्याप्त समय देना पड़ता है इस कारण अनेक शिक्ष क इस स्कूल में अपनी पदस्थापना नहीं कराते।

कभी यह स्कूल मोडल स्कूल के नाम से संचालित किया जाता था लेकिन अब इसे सीएम राईज स्कूल के नाम से जाना जाता है हालांकि सीएम राइज की बिल्डंग अभी पूरी तरह हेडओवर नहीं हो पाई है यहां 80 प्रतिशत काम पूरा हुआ है 20 प्रतिशत काम अभी भी शेष है ऐसी स्थिति में 2024-25 से यह नया भवन प्रारंभ होना संभव नहीं है 2025-26 में यह स्कूल का नया भवन जरूर शुरू होने की संभावना है। अभी वर्तमान में यहां के स्कूल में 12 कक्ष हैं नया भवन बनने के बाद 68 कक्षों का और निर्माण किया जा रहा है । जिसके बाद 80 कक्ष इस विद्यालय के पास होगें जो जिले का सबसे बडा 80 कक्ष वाला विद्यालय होगा । मॉडल स्कूल का जो पुराना खेल मैदान था वहां अब सीएम राईज की नई बिल्डंग ने आकार ले लिया है यहां अब खेल मैदान कम बचा है।

### कईं विषयों के शिक्षक नहीं

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा संचालित होने वाले सीएम राईज स्कूल में अभी कक्षा 1 से 12 तक 912 छात्र-छात्राएं हैं प्रत्येक कक्षा में 40 बच्चें हैं कक्षा 9 से प्रक्रिया बदल जाती है कक्षा 9 में








चार सेक्सन हो जाते है जिसमे प्रत्येक कक्ष में 40 बच्चों के हिसाब से एडमिशन मिलता है। कक्षा 10 में 3 कक्षा 11 में विषय स्तर पर कक्षाएं संचालित होती हैं और यही कक्षा 12 की रहती है। वर्तमान में यहां के स्कूल में सांईस,गणित,आर्ट की फेक्लटी मौजद है। अगर शिक्षकों की बात करे तो यहां केमेस्ट्री के शिक्षक नहीं है और अंग्रेजी एवं हिन्दी के शिक्षक नही है। अगर माध्यमिक शिक्षकों की बात करे तो सोशल साईंस, हिन्दी,अग्रेजी,विज्ञान,संस्कृत इनके शिक्षक स्थाई नहीं है। इन विषयों के स्थाई शिक्षक न होने के कारण अतिथि शिक्षकों से काम चल रहा है। यहां अगर स्थायी शिक्षकों की बात करे तो स्थाई शिक्षक 19 है जबकि जरूरत 30 की है।

### सीएम राइज स्कूल में कईं विशेषताएं

वैसे तो इस सीएम राईज स्कूल में सीएम के नाम से स्कूल जुड़ा होने के बाद उसी स्तर की सुविधाएं होनी चाहिए उसी स्तर के शिक्षक होने चाहिए ताकि यह स्कूल जिले में शिक्षा विभाग के तमाम प्रयोगों के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से ऊपर का स्कूल सावित हो सके। यहां हालाकिं भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान की प्रयोगशालाएं हैं। लायब्रेरी भी स्कूल में संचालित है। लेकिन लायब्रेरी भी अतिथि शिक्षक के सहारे है। इस स्कूल की विशेषता है कि सभी बच्चों के लिए एक जैसी यूनिफार्म चलती है। जो स्कूल के लिए नार्मस है उनमें कल्चर दिखाई देता है यहां स्कूल में प्रवेश प्राप्त करने के लिए बच्चों को प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती है जो भी बच्चे एडमिशन के लिए आते हैं उन्हें दाखिला प्रदान किया जाता है। इस वर्ष के एडमिशन चालू है। इस स्कूल की और भी विशेषताएं हैं स्कूल में साइबिज बोर्ड है प्रत्येक दिन फार्मेट भरा जाता है हर दिन स्कूल का निरीक्षण होता है। स्कूल में प्रवेश प्राप्त करने से पहले गेट पर अपना नाम दर्ज कराना पड़ता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में नया भवन स्कूल को मिलने के बाद यहां पर्याप्त मात्रा में छात्र प्रवेश ले सकेगें।

### सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि आश्रम के नाम से जाने जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहनसिंह यादव अब सीएम राइज स्कूलों का नामकरण बदलने जा रहे हैं। उनके द्वारा आदेश भी जारी किए गये हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की थी इसीलिए स्कूलों का नामकरण सांदीपनि आश्रम किया जा रहा है। यह स्थान गुरू-शिष्य परमपरा का प्रतीक है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने गुरू संदीपनी से 64 कलाओं और 16 विद्याओं का ज्ञान लिया था। इसी आधार पर मध्यप्रदेश के सीएम राईज स्कूलों को संदीपनी आश्रम के शिक्षा केन्द्रों के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है।

### नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम हरलाय में सरकारी जमीन का मामला

# एएनएम के कब्जे पर सब हैं मौन!

*स्वास्थ्य विभाग की जमीन पर कब्जा कर बना लिया मकान, एएनएम पर अतिक्रमण करने का आरोप*

*उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमिपूजन हुआ ग्राम निपानिया गढी में और आवंटन हरलाय में हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम हरलाय में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वर्ष 2014-15 में राजस्व विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई थी। परंतु लंबे समय तक इस भूमि पर न तो स्वास्थ्य विभाग ने कब्जा किया, न ही किसी प्रकार का रखरखाव किया गया। अब ताजा घटनाक्रम में 23 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर और विधायक मोहन शर्मा ने 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखने हेतु भूमि पूजन किया। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि भूमि पूजन ग्राम निपानिया गढ़ी में किया गया, जबकि स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि ग्राम हरलाय में आवंटित की गई थी। हैरत की बात तो यह है कि इससे प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है जिसमे जनप्रतिनिधियों से पूजन तो निपानिया गढीमें करवाया गया और जब आवंटन की बात आई तो वहां पर जमीन थी हीनही उसके जगह ग्राम हरलाय में जमीन का आवंटन किया गया।



### एएनएम धापू चंद्र भिलाला पर 3 हजार वर्ग फीट जमीन कब्जे का आरोप

इस पूरे प्रकरण में और भी अधिक सनसनी तब फैली जब यह खुलासा हुआ कि हरलाय में स्वास्थ विभाग की ही भूमि पर पदस्थ एएनएम धापू चंद्रर भिलाला ने करीब 3 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में पक्का मकान बना लिया है। आरोप है कि उन्होंने शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए न केवल भवन निर्माण किया, बल्कि वहां लगे सरकारी ट्यूबवेल को भी निजी उपयोग में ले लिया है। ग्रामवासियों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से उक्त जमीन पर कोई गतिविधि नहीं होने से वह परित्यक्त अवस्था में थी, जिसका लाभ उठाकर संबंधित कर्मचारी ने वहां निर्माण कार्य आरंभ कर दिया। यह मामला अब प्रशासनिक अमले के लिए एक कड़ी परीक्षा बन गया है, क्योंकि इसमें आरोप सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग की ही एक कर्मचारी पर लगे हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस शासकीय भूमि को 'भू-माफियाओं' से मुक्त करा पाएगा, खासकर तब जब आरोपी स्वयं सरकारी महकमे का हिस्सा हो?वहीं जब मामले में हरिभूमि संवाददाता ने एएनएम धापू चंद्र भिलाला को कॉल किया तो फोन रिसीव नहीं किया।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, जिला कलेक्टर और सीएमएचओ को इस विषय में सूचना दी जा चुकी है, परंतु अभी तक कोई आधिकारिक कार्यवाही नहीं की गई है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

विधायक मोहन शर्मा से जब इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यदि ऐसा कोई अतिक्रमण हुआ है, तो इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस प्रकरण में कितना सक्रिय होता है, और क्या स्वास्थ विभाग अपनी ही संपत्ति को पुनः प्राप्त कर पाता है या यह मामला भी फाइलों में ही दब कर रह जाएगा।

### कार्रवाई की जाएगी

यह मेरे संज्ञान में नहीं आया है यदि ऐसा कोई मामला है तो मैं उसकी जांच करवा लेती हूं और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डॉ किरण वाडिवा,
सीएमएचओ राजगढ़

### समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

# कार्यों में लापरवाही पर 3 सचिव सस्पेंड 1 रोजगार सहायक को किया बर्खास्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों समग्र पोर्टल पर दर्ज परिवारों और प्रत्येक सदस्यों की ई-केवायसी का कार्य पूरे जिले में प्राथमिकता के आधार पर कवाया जा रहा है। प्रषासन एक अभियान के रूप में निकायों एवं पंचायतों के मैदानी अमले के माध्यम से यह कार्य करवा रहा है। इस कार्य की समीक्षा हेतु जिला पंचायत सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अभियान की धीमी प्रगति पर कलेक्टर डॉ. गिरीष मिश्रा ने नाराजगी जाहिर करते हुए तीन पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया वहीं एक रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति के आदेष दिए हैं। निलंबित सचिवों में ग्राम पंचायत बाड़गांव अतिरिक्त प्रभार परालिया, ज.प. जीरापुर, ग्राम पंचायत तरेना जनपद ब्यावरा एवं ग्राम पंचायत सेदरा जनपद खिलचीपुर के सचिव शामिल हैं। वहीं ग्राम पंचायत दरियापुरा जनपद खिलचीपुर के रोजगार सहायक की सेवा समाप्त कर दी गई है।

इसके अलावा ई-केवाईसी कार्य में प्रगति नजर न आने पर ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा, तरेना 86 (ब्यावरा) एवं पीपल्दा (जीरापुर) के ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कुछ सचिवों को जारी किए नोटिस

निलंबन एवं सेवा समाप्ति के अलावा कुछ पंचायतों के सचिवों को कारण बताओ नोटिस भी दिए गए हैं। इनमें ग्राम पंचायत खोखेड़ा, सेमलीकांकड़, दुर्गपुरा (खिलचीपुर), पीपल्दा (जीरापुर), सीलखेड़ा, किशनगढ़ (ब्यावरा) एवं मोहनपुरा (राजगढ़) के सचिव शामिल हैं। इसके साथ ही जिला पंचायत ब्यावरा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकी गई है तथा जिला पंचायत खिलचीपुर के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## कूलर से करंट लगने पर 5 वर्षीय मासूम बच्चे की हुई मौत



**सारंगपुर।** रविवार को समीप ग्राम धामंदा में घर में चल रहे कुलर में हाथ लगाने पर करंट लगने से 5 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धामंदा में अपने ही घर में खेल रहा अबुजर पिता अमन उम्र 5 वर्ष मासूम बच्चे को कुलर में हाथ लगने से करंट लग गया जिसकी हालत बिगडती देख परिजनों के द्वारा सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया जहाँ डॉक्टर अंकित यादव के द्वारा मासूम बच्चे की जांच कर मृत घोषित कर दिया पुलिस के द्वारा शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंपा तथा मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

### चारों केंद्रों को मिलाकर 35 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# चार केंद्रों पर हुई सुव्यवस्थाओं के बीच संपन्न नीट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मेडीकल क्षेत्र में प्रवेष हेतु नीट(यूजी) की परीक्षा रविवार को जिले में बनाए गए चार परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए मुख्यालय पर तीन एवं ब्यावरा में एक, इस तरह कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। चारों परीक्षा केंद्रों को मिलाकर कुल 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीष मिश्रा सहित एसपी आदित्य मिश्रा ने पूर्व में ही विभागीय अमले की बैठकें लेकर आवष्यक निर्देष प्रदान किए थे। रविवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई इस परीक्षा के आधे घंटे पूर्व यानिकी डेढ़ बजे तक ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेष दिया गया। इसके साथ ही नकल के दृष्टिकोण से विषेष एहतियात बरतते



हुए प्रत्येक केंद्र पर हर परीक्षार्थी की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही केंद्र के अंदर कर्मचारियों सहित पुलिसकर्मियों तक को मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था।

संपूर्ण परीक्षा आयोजन के लिए डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज को जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम, केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में तहसीलदार अनलि शर्मा, पॉलिटैक्निक कॉलेज राजगढ़ में तहसीलदार सोनू गुप्ता, उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ में नायब तहसीलदार ऋषभ परतेती एवं पीएमश्री कन्या ब्यावरा में नायब तहसीलदार विनय रजक को प्रभारी बनाया गया था।

# आचार्य शंकराचार्य के जीवन दर्शन से प्रेरणा ग्रहण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आदिगुरूशंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा महाविद्यालय सभागार में किया गया।कार्यक्रम मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , जिला प्रचार प्रमुख एवं विशेष अतिथि ने गुरु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाल कर कहा कि आचार्य शंकर ने भारत की चार दिशाओं में चार प्रमुख मठों (मठ) की स्थापना की जो सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु है। आदि गुरु शंकराचार्य का भारतीय दर्शन और संस्कृति पर गहरा प्रभाव है। उन्हें हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण गुरुओं और दार्शनिकों में से एक माना जाता है। उनकी शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और अद्वैत वेदांत भारतीय चिंतन का एक अभिन्न अंग बना हुआ है।

आदि शंकराचार्य के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समरसता स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। जल संरक्षण का संकल्प मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक बीरम सिंह परमार ने दिलाए। अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक एवं बंकट माहेश्वरी सहित एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं एव प्रस्फुटन समितियां नवांकुर संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे।संचालन दिलीप किरार एवं आभार विनोद शर्मा ने माना।

### सुरक्षित रेल यात्रा के जनहितैषी कार्यों का निरीक्षण किया

# सांसद नागर ने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों की ली जानकारी

**ब्यावरा।** रेलवे स्टेशन पर रविवार को सांसद रोडमल नागर ने निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। सांसद रोडमल नागर ने आज ब्यावरा के नव-निर्मित अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाएं श्यात्री प्रतीक्षालय, एलईडी लाइटिंग, डिजिटल सूचना बोर्ड, पेयजल, स्वच्छ शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित की जा रही हैं।



स्टेशन पर लगने वाली हर सामग्री को सांसद नागर ने विशेष रूप से देखी ताकि यात्रियों को एक सुविधाजनक, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा अनुभव मिले। एक सर्व सुविधा युक्त व्यवस्थित रेलवे स्टेशन मिले, इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह राजपूत, मंडल महामंत्री दीपक समारे, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव,संदीप अहिरवार, भारत यादव आदि सांसद का स्वागत किया।

# संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आगामी 7 मई को संविधान बचाओ रैली राजगढ़ में प्रस्तावित है जिसको लेकर सारंगपुर ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में रविवार को संविधान बचाओ रैली के संदर्भ में एक अहम बैठक रखी गई जिसमें विधानसभा प्रभारी एवं ब्यावरा के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच पहुंचेगी और इसी को लेकर संविधान बचाओ रैली राजगढ़ जिले में 7 मई बुधवार जिला स्तरीय संविधान बचावओ रैली का आयोजन किया जा रहा है संविधान बचाओ रैली में अधिक सख्या में विधानसभा सारंगपुर के एक-एक कार्यकर्ता एवं सभी वर्ग के लोगों को शामिल होने की अपील देवेंद्र पाराशर ने की इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व नपा अध्यक्ष मो. अली. प्रदीप सादानी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र सिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड. अब्दीद हुसैन लोदी, मुकेश शर्मा प्रदीप जैन अशोक राठी,शेख बाहदुर, निजाम कुरैशी,हाशिम राही इरफान अली, शफीक अंसारी आदि मौजूद थे।




### बिजली विभाग कर्मचारियों ने तार ऊपर किए

# गांधी बस्ती में झूलते लटकते तारों से मोहल्ले वासियों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में अनेकों जगह झुलते लटकते विधुत तारों से होने वाली परेशानी से समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराया था ।

जिसमें यह समस्या गांधी बस्ती पीपल्दा रोड स्थित ट्रांसफार्मर के पास झूलते विद्युत एवं टेढ़ा हुआ विद्युत पोल कभी भी बड़े हादसे का संकेत बना हुआ था। समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद बिजली कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी ने गांधी बस्ती पहुंचकर विधुत खम्बा जो ज्यादा झुका हुआ था उसे सीधा किया। तथा झूलते लटकते विधुत तारों को दुरुस्त कर ऊपर किए ताकि किसी अनहोनी घटना नहीं हो पाये। वही आमजन को होने वाली परेशानियों का समाधान किया।

### मंगल भवन गेट के समीप लगने वाले प्याऊ का मामला

# प्याऊ वाले स्थान पर ठेला लगाकर कब्जा, नपा में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भीषण गर्मी के इन दिनों में नगर पालिका सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है ताकि लोग अपनी प्यास बुझा सकें। लेकिन, स्थान मंगल भवन के गेट के समीप सालों से लगती आ रही सार्वजनिक प्याऊ के सामने गन्ने के रस की दुकान के ठेले व अन्य ने अतिक्रमण कर लिया है। ऐसे में प्याऊ का संचालन करने वाली मां काली मंदिर सेवा समिति को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने नगर पालिका सीएमओ से इस बारे में लिखित में षिकायत भी दर्ज करवा दी है इसके बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पाया है। समिति पदाधिकारी केषर सिंह, जगदीष मेवाड़े, राजेंद्र मेवाड़े, संतोष, विकास मेवाड़े सहित अन्य ने बताया कि वे हर साल मंगल भवन के गेट के यहां प्याऊ लगाते हैं। आमजनों की सेवा के लिए लगने वाली इस निःषुल्क प्याऊ के ठीक सामने कुछ अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है जिसके चलते प्याऊ संचालन में दिक्कते आ रही हैं। समिति सदस्यों ने नपा सीएमओ से मांग की है कि उक्त अतिक्रमण को प्याऊ के सामने से हटवाया जाए अन्यथा वे एसडीएम से इसकी षिकायत करेंगे।

### रविवार का अवकाश...

रविवार को अवकाश होने के चलते अतिक्रमण नहीं हटवा पाए थे। सोमवार को प्याऊ के सामने व आसपास का अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा।

- पवन अवस्थी, सीएमओ,
नपा, राजगढ़

### सुशील व्यास सारंग का किया सम्मान, सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

# स्वयंसेवक अपने शील, चरित्र और सेवा से समाज में चरित्र निर्माण करता है: संगठन मंत्री मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शिशु मंदिर योजना की सुदीर्घ कालीन समर्पित सेवा-साधना से औपचारिक सेवानिव्रत्ति के अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में साहित्यकार, कवि एवं शिक्षाविद् सुशील व्यास सारंग का सम्मान कर भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर व्यास का जन्म-दिवस भी मनाया और सभी ने शुभकामनाएं प्रदान कर शुभेच्छा समर्पित की। इस दौरान समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में विद्याभारती मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अखलेश मिश्रा तथा मुख अतिथि के रूप में राज्यमंत्री डॉ.गौतम टेटवाल उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्य प्रदेश भोपाल के आमंत्रित सदस्य , ओमप्रकाश राठी । विशिष्ट




अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, थे। इस अवसर पर मंत्री डॉ.टेटवाल ने कहा कि पुराने स्वयंसेवक जीवन भर अविचल चलता और कर्तृत्व पूर्णतरू करता है वही । संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने सुशील व्यास के नाम संदर्भ लेते हुए कहा की शील ही संघ के स्वयं सेवकों की शक्ति और पहचान है। उन्होंने कहा कि यद्यपि आज अनुकूलता दिखाई देती है परन्तु संघर्ष के उस कठिन काल में स्वयंसेवकों ने अपने शील, चरित्र और सेवा से समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया। सुशील व्यास भी संघ की उसी त्याग पूर्ण परम्परा से विकसित एक समर्पित स्वयंसेवक हैं। इस अवसर पर सुशील व्यास ने कहा कि सभी का स्नेह पाकर अभिभूत हुआ हूं आनंदित हुआ हूं आपका ऐसा ही स्नेह आशीर्वाद मुझ पर एवं मेरे परिवार पर बना रहे कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य जितेंद्र कुमार पाठक सरस्वती विद्या मंदिर चंदेरी द्वारा किया आभार समिति के सदस्य पदाधिकारी कमल राठौर ने माना।